मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-218
28/07/2024

पेरिस ओलंपिक 2024 में देश के लिये पहला पदक जीतने वाली सुश्री मनु भाकर को मुख्यमंत्री ने दीं बधाई एवं शुभकामनाएं

पटना, 28 जुलाई 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पेरिस ओलंपिक 2024 की शूटिंग प्रतियोगिता में देश के लिये पहला पदक जीतने वाली सुश्री मनु भाकर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बेटी सुश्री मनु भाकर ने ओलंपिक खेल के 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर शूटिंग प्रतियोगिता के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे ओलंपिक के इतिहास में शूटिंग प्रतियोगिता में मेडल दिलाने वाली पहली भारतीय महिला हैं, जिस पर हर भारतीय गौरवान्वित है।

******